सहमति-प्रपत्र(MOU)

(Memorandum of Understanding)

कला एवं शिल्प महाविद्यालय(पटना विश्वविद्यालय)

<u>संक्षिप्त परिचय</u>:- कला एवं शिल्प महाविद्यालय, विद्यापति मार्ग(पटना) बिहार-८००००१, पटना विश्वविद्यालय अंतर्गत 'NACC' द्वारा मान्यता प्राप्त है। इस महाविद्यालय के प्राचार्य 'डॉ अजय कुमार पांडेय' हैं; जो संबंधित महाविद्यालय के हित में किए जाने वाले कार्यों हेतु निर्णय लेने का कानूनी प्रतिनिधित्व/अधिकार रखते हैं।

तथा

बयार(रंगमंडल)

<u>संक्षिप्त परिचय</u>:- १७-मार्च, २०१३ को स्थापित एवं १७-अगस्त, २०१५ को सोसायटी एक्ट २१,१८६० के तहत निबंधित संस्था 'बयार रंगमंडल' पता:- अलाउद्दीन चक, पुनपुन(पटना), बिहार-८०४४५३, अपने सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए पिछले १०-साल से कार्य करते हुए वर्तमान समय में अपने कार्य-क्षेत्र में परिचय का मोहताज नहीं है। संस्था 'बयार रंगमंडल' के कार्य-यात्रा का अनुभव भले सिर्फ ९-१० वर्षों का है, परंतु इसके कार्यकारिणी में संबंधित सदस्यगण सांस्कृतिक व सामाजिक क्षेत्र में दशकों के अनुभव के साथ स्वयं को जोड़ा है।

संस्था 'बयार रंगमंडल' के सचिव 'मनोज प्रसाद सिंह' को संबंधित संस्था के हित में किए जाने वाले कार्यों हेतु निर्णय लेने का कानूनी प्रतिनिधित्व/अधिकार संस्था संबंधित कार्यकारिणी द्वारा प्राप्त है।

<u>संस्था बयार द्वारा कला एवं शिल्प महाविद्यालय(पटना विश्वविद्यालय) के प्रशंसक गुणवता के मद्देनजर समाज को कला एवं संस्कृति के विभिन्न धाराओं को एकत्र करने के उद्देश्य से अधोलिखित आपसी सामंजस्य वर्तमान में 5 वर्षों के लिए प्रस्तावित है</u>:-

१. संस्था बयार रंगमंडल अपने कार्य अनुभव के साथ संबंधित महाविद्यालय परिसर में अपनी विभिन्न गतिविधि के माध्यम से अपने साथी एवं महाविद्यालय से संबंधित रुचि रखने वाले प्रशिक्षु/विद्यार्थी को जोड़कर कला के अन्य धाराओं से परिचित कराकर कला के क्षेत्र को समृद्ध करने की कोशिश करेगी; जिसके लिए उचित व आवश्यक जरूरत (स्थान आदि) महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही बिना सूचना के महाविद्यालय से संबंधित किसी भी संपति का प्रयोग संस्था बयार द्वारा नहीं किया जाएगा।

8.01.2019

Manoj Pd. Singh
08/01/2019

२. **महाविद्यालय के अपने किसी भी तरह की गतिविधि के स्थिति में इसकी सूचना संस्था 'बयार रंगमंडल' को समय** अंतराल का ख्याल रखते हुए देना स्वीकार योग्य होगा।

३. संस्था 'बयार रंगमंडल व महाविद्यालय' द्वारा अपने गतिविधि में एक-दूसरे के सहभागिता के अनुसार **बैनर/स्टैंडी अथवा किसी भी तरह के ऐसे दूसरे साधन व प्रचार-माध्यम/विज्ञापन पर नाम देने का अधिकार स्वयं के लिए सुरक्षित रखेगी।**

४. संस्था **बयार** का कर्तव्य होगा कि अपने गतिविधि के दौरान महाविद्यालय द्वारा दिए गए **स्थान** व संपत्ति के रख-रखाव का ध्यान रखे।

५. अगर महाविद्यालय उपलब्ध कराए गए स्थान तथा दूसरी किसी अन्य व आवश्यक प्रदत्त सुविधाओं को संस्था **'बयार रंगमंडल' से वापस लेना चाहती है तो इस स्थिति में इसकी सूचना ससमय पूर्व दिया जाना चाहिए।**

६. संस्था 'बयार रंगमंडल' द्वारा वाह्य व महाविद्यालय परिसर में चलाए जा रहे सांस्कृतिक, सामाजिक अथवा अन्य (शैक्षणिक समुचित एवं सामूहिक विकास आदि) गतिविधि/कार्यशैली तथा किसी भी तरह के प्राप्त सहयोग महाविद्यालय के साथ आपसी समन्वय पर आधारित होगा।

७. **संस्था 'बयार रंगमंडल' किसी भी स्थिति में महाविद्यालय संबंधित किसी भी मामले में कोई** हस्तक्षेप नहीं करेगी।

८. 'कंडिका-७' के ही तरह किसी भी स्थिति में संबन्धित महाविद्यालय द्वारा संस्था 'बयार रंगमंडल' संबंधित किसी भी मामले में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी।

सहमति हस्ताक्षर

हस्ताक्षर	हस्ताक्षर
8.1.2019	Manoj Pd. Singh 08/01/2019
(प्राचार्य)	(सचिव)
कला एवं शिल्प महाविद्यालय(पटना विश्वविद्यालय), विद्यापति मार्ग(पटना) बिहार-८००००१	**बयार रंगमंडल अलाउद्दीन चक, पुनपुन(पटना), बिहार-८०४४५३**
सील	सील
Principal College of Arts & Crafts Patna Univerisity, Patna	BAYAAR Post At-Allauddin Chak Punpun, Patna (Bihar) 804453